तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 ग्राम तिलई में होली मिलन समारोह भाजपा किसान नेता योगेश ...



11 कलेक्टर ने किया थानखम्हरिया क्षेत्र का ...



# प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत अरहर की खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पीएम-आशा योजना के अंतर्गत गुरुवार जिले के परपोड़ी उपार्जन केंद्र में अरहर खरीदी कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। कृषि विभाग, नेफेड, मार्कफेड और सहकारिता विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में एक किसान से 15 क्विंटल अरहर की खरीदी कर इस अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा अरहर (तुअर) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसी दर पर पंजीकृत किसानों से उनकी उपज की खरीदी की जा रही है। योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना, दलहन-तिलहन फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करना और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है।

- न्यूनतम समर्थन मूल्य 8000 रुपये प्रति क्विंटल तय, जिले में बनाए गए 9 उपार्जन केंद्र

जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 9 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां चना, अरहर, सरसों सहित विभिन्न दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। उपार्जन केंद्रों में तौल व्यवस्था, बारदाना, पेयजल, छाया सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में



### प्रक्रिया पारदर्शी

अधिकारियों ने बताया कि खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संचालित की जा रही है। किसानों की उपज की तौल इलेक्ट्रॉनिक कांटे के माध्यम से की जा रही है और खरीदी के बाद भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा सतत निगरानी भी रखी जा रही है। कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे अपने निकटतम उपार्जन केंद्र में निर्धारित समयानुसार अपनी उपज लेकर आएं और शासन की इस योजना का लाभ उठाएं। साथ ही किसानों को आवश्यक दस्तावेज और पंजीयन प्रक्रिया पूरी कर ही उपज लाने की सलाह दी गई है, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। जिला प्रशासन ने किसानों को भरोसा दिलाया है कि उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और खरीदी प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। शासन की इस पहल से जिले के किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और दलहन-तिलहन फसलों के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### राजेंद्र सिंह ठाकुर बने जिला संयोजक

**परपोड़ी।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा विभिन्न वर्गों में अपनी पहुंच बनाने के लिए निर्णय लेते हुए, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा झुग्गी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह, सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, साजा विधानसभा क्षेत्र से भी से विधायक ईश्वर साहू के द्वारा जिला बेमेतरा के झुग्गी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के पद पर राजेंद्र सिंह को नियुक्त किया है। राजेंद्र सिंह के द्वारा परपोड़ी मंडल के अध्यक्ष रहते हुए विभिन्न चुनावों में कार्यकर्ताओं से मिलकर भाजपा के लिए अच्छा परिणाम दिया है। खासकर विधानसभा चुनाव एवं परपोड़ी नगर पंचायत के चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भारतीय जनता पार्टी के संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण के कारण उन्हें या महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत, वाहन जब्त

**भिलाई।** सड़क हादसे में बुधवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मृतक का शिनाख्त सहगांव निवासी नरसिंह यादव के रूप में हुई है। धमधा से दुर्ग मार्ग पर एचपी पेट्रोल पंप के आगे खान ढाबा के पास घटना हुई। तेज रफ्तार ट्रक ने नरसिंह को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई।

### व्यापारी पर अज्ञात ने किया जानलेवा हमला

**भिलाई।** रानीतराई थाना क्षेत्र में व्यापारी पर अज्ञात ने जानलेवा हमला कर फरार हो गया है। घायल व्यापारी का नाम अनिल देवांगन है। जो अनिल इंटरप्राइजेस के संचालक है। अज्ञात आरोपी ने अनिल पर हमला कर दिया। जिससे अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। खबर लगते ही रानीतराई पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### 300 घरों तक पहुंचाया पानी, सरपंच सम्मानित

**दुर्ग।** जिला मुख्यालय से करीब 20 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम चिरपोटी के 300 घरों में जलजीवन मिशन के अंतर्गत साफ पहुंचना शुरू हो गया है। गांव की सरपंच पूजा चंद्राकर का इसमें विशेष प्रयास रहा, उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को योजना से जुड़ी जानकारी दी। कनेक्शन लेने के लिए सहमति बनाई। वर्तमान में गांव में दो बोर की मदद से हर घर में पानी पहुंच रहा है। आगामी दिनों में उमरपोटी में बन रही टंकी के माध्यम से शिवनाथ नदी का पानी गांव तक पहुंचेगा। जिले से ग्राम चिरपोटी की सरपंच को गांव में नल जल प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया है। सरपंच की भूमिका को अहम मानते हुए उन्हें सम्मानित किया गया है। पूजा चंद्राकर ने बताया कि गांव काफी जागरूक है। सभी पानी की जरुरत को समझते हैं। उन्होंने घर-घर जाकर चर्चा की। गांव की बैठकों में बात रखी, लोगों ने सहमति दी।

### बीएसपी के ठेका श्रमिकों को नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन

**भिलाई।** स्टील ठेका श्रमिक यूनियन (इंटक) की कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर-4 स्थित यूनियन कार्यालय में हुई बैठक में बीएसपी के ठेका श्रमिकों की मांगों पर से चर्चा की गई। उत्पादन, उत्पादकता एवं लाभार्जन में 75 प्रतिशत से अधिक योगदान देने वाले मजदूरों के मुद्दों के जल्द निदान की मांग प्रबंधन से की गई। बैठक में केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम तथा केंद्र के लेबर लाइसेंस के अंतर्गत होने के बाद भी ठेका श्रमिकों को राज्य का न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है, जिससे श्रमिकों में आक्रोश व्याप्त है।

**बैठक :** नपाध्यक्ष ने राजस्व विभाग की बैठक लेकर दिए निर्देश, वार्ड स्तर पर चलेगा विशेष वसूली अभियान

# बड़े बकायादारों के नाम होंगे सार्वजनिक, समय पर टैक्स न देने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर क्षेत्र में लंबित कर वसूली को लेकर नगर पालिका अब सख्त रुख अपनाने जा रही है। इसी कड़ी में नगर पालिका कार्यालय में गुरुवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने की।

बैठक में नगर क्षेत्र में लंबित राजस्व की समीक्षा करते हुए बड़े बकायेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और वसूली अभियान को तेज करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर के बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर उनके नाम सार्वजनिक किए जाएं, ताकि कर भुगतान को लेकर आम लोगों में जागरूकता बढ़े और बकाया राशि की वसूली में तेजी लाई जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लंबे समय से कर जमा नहीं करने वाले बकायेदारों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिए कि राजस्व वसूली को प्रभावी बनाने के लिए वार्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाए। इसके तहत राजस्व अमले को प्रत्येक वार्ड में जाकर बकायेदारों से संपर्क कर समय सीमा के भीतर कर जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय सिन्हा ने नगर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग समय पर नगर पालिका करों का भुगतान कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

उन्होंने कहा कि कर से प्राप्त राशि का उपयोग नगर के विकास, साफ-सफाई, पेयजल, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में किया जाता है। बैठक में राजस्व विभाग सभापति आकिब मलकानी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में लंबित राजस्व वसूली को प्राथमिकता देते हुए इसे तेज करने का निर्णय लिया गया।



## समय पर करों का भुगतान करें

बैठक में लंबित कर वसूली की स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना भी तैयार की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नगर के विकास कार्यों के लिए राजस्व की उपलब्धता बेहद आवश्यक है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

# अधिकारियों ने किया सेजेस शिवलाल राठी परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के तहत 12 मार्च 2026 को जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी एवं सहायक संचालक एस.पी. कोशले ने नगर के सेजेस शिवलाल राठी परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्राध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर, सहायक केंद्राध्यक्ष पुष्पलता बंजारे, डाली साहू तथा संस्था के प्राचार्य आर.के. डड़सेना उपस्थित रहे। इस केंद्र में कक्षा 12वीं के अंतर्गत कृषि विज्ञान के तत्व, गणित तथा व्यवसाय अध्ययन विषय की परीक्षाएं संचालित हो रही थीं। परीक्षा केंद्र में कुल 54 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित पाए गए। इनमें कृषि संकाय के 15 तथा वाणिज्य संकाय के 39 परीक्षार्थी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण सामने नहीं आया और परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित होती पाई गई।

- अधिकारियों ने किया सेजेस शिवलाल राठी परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

केंद्राध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के लिए प्रकाश, बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। परीक्षा दो कमरों में सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक संचालक ने केंद्र में तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शेष परीक्षाएं भी इसी प्रकार शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# 14 मार्च को अंधड़, बारिश की चेतावनी, मौसम होगा नरम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। दिन के साथ-साथ अब रातें भी गर्म होने लगी हैं। अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों को रात के समय भी गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जा रहा है, जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है।

- मौसम विभाग ने किसानों और नागरिकों को सतर्क रहने की दी सलाह

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश के मौसम में 14 मार्च से बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण राज्य के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। इसके प्रभाव से कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश, आंधी और गरज-चमक के साथ मौसम बिगड़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि वर्तमान में ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण झारखंड और उससे लगे उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है। इसके साथ ही एक द्रोणिका इस परिसंचरण से मराठवाड़ा तक अंदरूनी उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और विदर्भ होते हुए लगभग 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसी प्रणाली के प्रभाव से आगामी दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

हालांकि गुरुवार को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष गिरावट की संभावना नहीं है, बल्कि हल्की वृद्धि होने के संकेत हैं। इसके चलते जिले में गर्मी का असर फिलहाल बरकरार रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 13 से 16 मार्च के बीच बस्तर संभाग से वर्षा की गतिविधियां शुरू होने की संभावना है। इसके बाद 14 से 16 मार्च के दौरान मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों में भी हल्की वर्षा हो सकती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज अंधड़ और वज्रपात की भी संभावना जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण दिन के साथ रातों में भी गर्मी बढ़ रही है। यदि बारिश की गतिविधियां सक्रिय होती हैं तो कुछ समय के लिए तापमान में गिरावट और लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। फिलहाल मौसम विभाग ने किसानों और आम नागरिकों को आंधी-तूफान और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है।

# जिले के होटल व प्रतिष्ठानों की जांच, 10 घरेलू गैस सिलेंडर मिले, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के उद्देश्य से खाद्य विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया। खाद्य विभाग की टीम ने शहर में संचालित विभिन्न होटल, ढाबा और खाद्य प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाए जाने पर कार्रवाई की गई।

- घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

जांच के दौरान कुल 10 घरेलू गैस सिलेंडर विभिन्न प्रतिष्ठानों में व्यावसायिक कार्यों में उपयोग करते हुए पाए गए। इनमें गुजराती स्वीट्स से 2 सिलेंडर, चाचा भतीजा से 1 सिलेंडर, जय मां शीतला ढाबा से 1 सिलेंडर, मनोहर चाय से 2 सिलेंडर, आरसी किचन से 2 सिलेंडर, यादव पुड़ी सब्जी से 1 सिलेंडर तथा अनिल स्वीट्स से 1 सिलेंडर बरामद किए गए। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए ही किया जाना निर्धारित है, जबकि होटल, ढाबा या अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इसका उपयोग करना नियमों के विरुद्ध है। ऐसे मामलों में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश, 2007 के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई:** जिला प्रशासन ने सभी होटल संचालकों एवं व्यवसायियों से अपील की है कि वे घरेलू गैस ▶▶| शेष पेज 11 पर

# एक्सपायरी खाद्य सामग्री की बिक्री पर भड़की युवा कांग्रेस, कलेक्टर और सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





जिले में आम जनता के स्वास्थ्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर जिला युवा कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है। जिले के होटलों, रेस्टोरेंट और किराना दुकानों में धड़ल्ले से बिक रही एक्सपायरी (समय सीमा पार) खाद्य सामग्री की शिकायतों के बाद, युवा कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने आज कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में इस बात का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है कि जिले के कई प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा मानकों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पुराने और एक्सपायरी उत्पादों को बिना किसी जांच के बेचा जा रहा है, जिससे विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग के माध्यम से जिले के सभी होटलों और दुकानों का सघन निरीक्षण किया जाए। एक्सपायरी सामग्री मिलने पर उसे तुरंत जब्त कर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो। आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री सुनिश्चित की जाए। प्रशासन की ढिलाई के कारण दुकानदार बेखौफ होकर खराब सामान बेच रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 11 पर

कई गांवों में आयोजित हुए जनजागरूकता कार्यक्रम

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, आयुष विभाग दे रहा योग और आयुर्वेद की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयुष विभाग और जिला चिकित्सालय बेमेतरा के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के संचालनालय आयुष विभाग तथा राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालित एनसीडी क्लीनिक, जिला चिकित्सालय बेमेतरा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग और मोटापा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. वीणा मिश्रा तथा सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू के मार्गदर्शन में आयुष विभाग की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दे रही है। इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सक एवं पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. चिरंजीवी वर्मा और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. भूमिका साहू लोगों को संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और योग के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

- उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों के प्रति किया जा रहा जागरूक





जनवरी से अब तक पेंड्रितराई, जेवरा, मोहरेंगा, कुसुमी, कोबीया, पिकरी, विद्यानगर और मानपुर सहित कई गांवों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज करने से आगे चलकर गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### आज आएंगे पूर्व उप मुख्यमंत्री सिंहदेव



**खैरागढ़।** जिपं सदस्य व कांग्रेस नेता के परिजनो से भेंट मुलाकात करने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का आज शहर आगमन होगा। उपमुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी पत्र अनुसार श्री सिंहदेव सुबह दस बजे जालबांधा पहुँचेंगे जहॉ कांग्रेस कार्यकर्ताओ से भेंट मुलाकात बाद पांडुका मे भागचंद पारख के घर परिजनो से मिलेंगे। सवा बारह बजे मां दंतेश्वरी दर्शन, रूक्खड़ स्वामी मंदिर मे दर्शन पूजा अर्चना उपरांत सिविल लाइन दुर्गा चौक मे स्व राजा देवव्रंत सिंह की प्रतिमा मे माल्यार्पण करेंगे। कांग्रेस नेता नित्यशरण सिंह के सुपुत्र के अननप्राशन कार्यक्रम मे उपसर्थिति बाद श्री सिंहदेव जिपं सदस्य शताक्षी सिंह के आवास में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेंगे।

### प्रदेश में अवैध अफीम की खेती और गैस किल्लत पर बोला हल्ला

# कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव, जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश में पहले समोदा और अब बलरामपुर मे अवैध अफीम की खेती के साथ देश मे रसोई गैस की किल्लत को लेकर सियासी पारा पूरी तरह चढ़ चुका है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साय सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल पिपरिया स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर पहुंचकर दुर्ग और बलरामपुर में हो रही अफीम की अवैध खेती के मुद्दे को लेकर जमकर नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओ ने कहा कि प्रदेश की शांत धरती पर अफीम की खेती होना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह सब सरकार की नाक के नीचे हो रहा है। यदि दोषियों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस इस आंदोलन को ब्लॉक स्तर से लेकर राजधानी तक और उग्र करेगी। उन्होने स्पष्ट कहा कि जनहित और नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

#### नशा परोस रही है सरकार : डॉ भारद्वाज

शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज ने सामाजिक सरोकारों का हवाला देते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में नशे का कारोबार अपने चरम पर है। छोटे-छोटे बच्चे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, जिससे प्रदेश का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रभावी रोक लगाने के बजाय अप्रत्यक्ष रूप से नशा परोसने का काम कर रही है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिरमौर, विजय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, आकाशदीप सिंह, सुबोधकांत पांडेय, पूरन सारथी, रवींद्र सिंह गहरवार, रिंकू गुप्ता, नरेंद्र सेन, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, सूरज देवांगन, उमेश साहू, भूपेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

#### आम जनता व व्यापारी वर्ग परेशान

प्रदर्शन के दौरान अफीम की खेती के साथ-साथ कांग्रेसियों ने देश प्रदेश सहित पूरे जिले में हो रही रसोई गैस की किल्लत को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा कांग्रेसियों का कहना था कि सिलेंडर न मिलने से आम जनता और व्यापारी वर्ग परेशान है। कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू नहीं की, तो इसके लिए भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। भाजपा कार्यालय घेराव दौरान कांग्रेसियो के उत्साह को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# सामूहिक विवाह का आयोजन



**राजनांदगांव।** गोंडवाना समाज केन्द्र सुवरबोड़ द्वारा पूर्व सांसद स्व. लाल श्याम शाह के पुण्यतिथि अवसर पर 10 मार्च को मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के ग्राम मड़ियानवाड़वी में एक दिवसीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक इंद्रशाह मंडावी व अध्यक्षता केन्द्र अध्यक्ष पुरण कुमेटी ने किया। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह समेत लाल लक्ष्मेन्द्र शाह, गेंदकुंवर ठाकुर, डीआर आचला, नरसिंह भंडारी, चन्द्रेश ठाकुर, नोहरूराम कोरेटी, लालसिंह सोरी, नारायण नेताम, पदुम सिंह तोप्पा, कुमार कोरेटी, नोहरूराम कुमेटी, मानसाय बोगा, लाल सिंह सोरी, प्रबल सलामे, नारायण सिंह नेताम, केजूराम गोगा, राय सिंह सोरी, भावसिंह कुमेटी, सुखराम तुलावी, चित्ररेखा चनापे, बिराजबाई उइके, रमशिला नेताम, सुंदाय कुंदन धुर्वे, थानुराम नुरेटी, लतखारे सिंह नुरेटी, रेशम नुरेटी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज द्वारा 02 जोड़ी विवाह गोंडवाना रीति-रिवाज के अनुसार कराया गया।

मुख्य अतिथि इंद्रशाह मंडावी ने नवविवाहित दपंत्तियों को शुभकामनाएं देते आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की। जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने ग्राम में बेहतरीन आयोजन की सराहना की। उन्होंने समाज के लोगों को नशापान आदि बुराईयों से दूर रहने तथा बचत की आदत डालने की अपील भी की। लाल लक्ष्मेन्द्र शाह ने समाज के दशा एवं दिशा के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। चंद्रेश ठाकुर ने समाज द्वारा सामूहिक विवाह के आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की।

# उदयपुर में महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने उदयपुर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, खेल तथा विज्ञान सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। समाज के विकास और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा।




#### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

उक्त अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के साथ विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। महिला सेल की सहायक उपनिरीक्षक ने साइबर अपराध एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी साझा करते हुए सतर्क रहने का आव्हान किया। इस दौरान ज्योति जंघेल, दुष्यंत जंघेल, खम्हन ताम्रकार, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीतराम खुटेल, परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे, वृंदा हनवंत, सुरेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे। अंत में परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे ने आभार व्यक्त किया।

### एक दिवसीय कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** विश्व श्रवण दिवस पर कम्पोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बताया गया कि विश्व श्रवण दिवस प्रतिवर्ष 3 मार्च को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य श्रवण हानि (सुनने की समस्या) के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कान एवं श्रवण स्वास्थ्य की देखभाल को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बच्चों में श्रवण समस्याओं को शीघ्र पहचान, समय पर हस्तक्षेप, सामुदायिक जागरूकता तथा शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर हितग्राहियों को 5 श्रवण यंत्र, 3 एलएस ब्रेस, 2 स्टिक एवं 1 ट्राइपॉड प्रदान किए गए। साथ ही सीआरसी की महिला कर्मचारियों को दिव्यांगजनों की सेवा में उनके समर्पण एवं संस्थान की प्रगति में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, डॉ. राहुल सिंह चौहान, डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. गौर, डॉ. अश्विनी शेट्टी दिवाकर, डॉ. तृप्ति पंजवानी आदि उपस्थित थे।

# सावित्रीबाई फुले हैं शिक्षा की देवी : विप्लव साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता व राजनीतिज्ञ विप्लव साहू ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन संघर्षों को याद किया। मौजूद छात्रों से संवाद करते हुए विप्लव साहू ने कहा कि सावित्रीबाई फुले केवल एक शिक्षिका ही नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत थी। उन्होंने ऐसे समय में महिलाओं की शिक्षा और समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए संघर्ष किया, जब समाज में इसके प्रति गहरा विरोध था. उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर भारत का पहला बालिका विद्यालय शुरू किया और शिक्षा के माध्यम से समाज में समानता और न्याय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।

#### समाज सुधार के लिए किया जीवन अर्पण

विप्लव साहू ने कहा कि सावित्रीबाई फुले वास्तव में शिक्षा की देवी हैं क्योंकि उन्होंने लड़कियों और वंचित समाज के लिए शिक्षा का दीप जलाया. उन्होंने भ्रूण हत्या के विरोध, बाल हत्या प्रतिबंध गृह की स्थापना, विधवा मुंडन की कुप्रथा का विरोध सहित समाज सुधार के कई ऐतिहासिक कार्य किया साथ ही समाज में समानता और न्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाया। विद्यार्थियों के बीच शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक जागरूकता के महत्व पर भी चर्चा दौरान विप्लव साहू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पढना-लिखना सीखना नहीं, बल्कि तर्कसंगत, संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और समाज में समानता व न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके संघर्षों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत पहुंचे ठेलकाडीह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. किरण लता दामले के नेतृत्व में प्राणीशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों सहित प्राध्यापक डॉ. माजिद अली, गुरप्रीत सिंह भाटिया, चिरंजीव पाण्डेय एवं करुणा रावटे ठेलकाडीह पहुंचे, जहां उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित पोषक विद्यालय संपर्क अभियान एवं महाविद्यालय के विस्तार गतिविधि अग्रणी दिग्विजय कार्यक्रम के तहत शा.उ.मा.शाला ठेलकाडीह पहुंचे, जहां प्राचार्य श्रीमती गढ़पायले ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

तत्पश्चात संस्था के सहायक प्राध्यापक डॉ. माजिद अली ने 11वीं एवं 12वीं कक्षा के कला विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज द्वारा दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाएं जैसे लाइब्रेरी, फ्री हॉस्टल एवं विभिन्न प्रकार की दिए जाने वाले स्कॉलरशिप के बारे में भी विस्तार से समझाया। साथ ही महाविद्यालय द्वारा रोजगार मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट कैंप के आयोजन के बारे में भी विस्तार से बताया।




#### समय समय पर कैम्पस का आयोजन

प्रो. चिरंजीव पाण्डेय ने जानकारी दी कि दिग्विजय महाविद्यालय में लगभग 7:30 हजार निमित्त विद्यार्थी तथा 10000 से अधिक स्वाध्याय विद्यार्थी हैं। विद्यार्थियों के लिए रोजगार मार्गदर्शन तथा कौशल प्रशिक्षण प्रकोष्ठ महाविद्यालय में संचालित है। जिसके द्वारा देश की जानी-मानी लगभग 60 कंपनियों द्वारा समय-समय पर कैंपस का आयोजन किया जाता है। इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के समापन के पूर्व संस्था प्राचार्य ने सहायक प्राध्यापक डॉ. माजिद अली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्था के प्राध्यापक गुरप्रीत सिंह भाटिया, चिरंजीव पाण्डेय सहित स्नातकोत्तर पूर्व एवं अंतिम के समस्त विद्यार्थी सम्मिलित रहे।

#### विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

ज्ञात हो कि शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राज्य का एक अग्रणी महाविद्यालय है, जहां 6000 से अधिक नियमित विद्यार्थी अध्यनरत है। राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नीति 2020 के तहत हुए बदलाव के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करना उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य था। डॉ. माजिद अली ने बताया कि अनूप विद्यार्थियों को अपने विषय के अतिरिक्त अभिरुचि के अनुसार अन्य विषयों को भी चुन्नी की आजादी देता है। साथ ही सामान्य स्नातक विद्यार्थी यदि 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करता है, तो उसे चौथे वर्ष में ऑनर्स स्नातक की सुविधा मिलती है। चौथे वर्ष में विद्यार्थी को रिसर्च तथा इनोवेशन की पढ़ाई करनी होती है। साथ ही 4 वर्षीय ऑनर्स स्नातक को स्नातकोत्तर में 1 वर्ष की छूट मिलती है, उसे केवल 1 वर्ष में पीजी की डिग्री प्रदान की जाती है।

# चमत्कारों के विज्ञान का प्रदर्शन और व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आदिवासी छात्रावास में चमत्कारों के विज्ञान का प्रदर्शन और व्याख्यान का आयोजन किया गया। पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में 7 मार्च को छात्रों को जागरूक करते वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम द्वारा बताया गया कि बिना जाने किसी भी बात को नहीं मानना चाहिए। आज-कल सोशल मीडिया के माध्यम से बहुत सा झूठ परोसा जाता है, उससे सावधान रहना है। अच्छी शिक्षा के लिए पूरे मन से मेहनत कर हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ढाई हजार साल पहले बुद्ध द्वारा बताए गए कलाम सूक्त का उल्लेख करते बच्चों को बताया कि किसी बात को इसलिए मत मानों कि उसे बहुत से लोग मानते हैं। किसी बात को इसलिए भी मत मानों कि वह बड़ी-बड़ी पुस्तकों या पवित्र माने जाने वाले ग्रंथों में लिखी हुई है, किसी बात को इसलिए भी मत मानों कि उसे किसी बड़े आदमी, किसी गुरु, किसी बड़े नेता या मैंने कही है, बल्कि उसे तब मानों जब तुम खुद जान लो कि वह कैसी है।



#### दुष्प्रभावों से कराया अवगत

इस अवसर पर भिलाई से आए शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी और इंटरनेशनल चेस आर्बिटर पीएन राव ने बच्चों को अंधविश्वास से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को अपना आत्मविश्वास बढ़ाने कहा और उन्हें शहीद भगतसिंह के शहादत के बारे में बताते उनकी अध्ययन के प्रति लगन का उल्लेख किया। विज्ञान संचारक प्रशांत ने बच्चों को बेहतर जीवन के लिए अच्छी शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की इकाई का गठन किया गया है। विज्ञान में रूचि रखने वाले नागरिक इसकी सदस्यता ले सकते हैं। इस अवसर पर अधीक्षक मोहनीश उइके, छात्र नायक कैरल्स कोठारी सहित प्रफुल्ल मंडावी, भूपेंद्र तोप्पा, सुभाष सोरी, डिकेश्वर मंडावी, सुभम कोरेटी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### सम्मेलन के बाद जस गायन की प्रस्तुति

# यादव समाज के महिला महासम्मेलन में हुआ सम्मान, होली मिलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला कोसरिया यादव समाज ने प्रदेश स्तरीय महिला महा सम्मेलन, होली मिलन साथ फतेह मैदान मे सम्मान समारोह आयोजित किया। संगीत विवि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, खैरागढ़ नपा अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर, छुईखदान नपं अध्यक्ष नम्रता गिरीराज किशोर दास, पूर्व नपं अध्यक्ष पर्तिका महोबिया, डॉ साधना अग्रवाल, डॉ पद्मा साहू पर्वणी और सेजेस प्राचार्य उमा यादव की मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम में अलग-अलग गतिविधियों में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले शहर के डेढ़ सौ से उपर प्रतिष्ठित महिलाओं का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। सम्मेलन बाद देर शाम जस गायक दुकालू यादव की प्रस्तुति हुई जिसका बड़ी संख्या मे लोगों ने आनंद उठाया।



होली मिलन कार्यक्रम मे समाज के प्रदेश व जिला यादव समाज के मन्नालाल यादव राजनांदगॉव, विश्वनाथ यादव डोंगरगढ़, अमर यादव, अनिल यादव दुर्ग, रविंद्र यादव बेमेतरा, डोमलाल यादव कबीरधाम सहित प्रदेश के सभी जिलो के महिला पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने समाज विकास को लेकर एकजुटता से काम करने का संकल्प जाहिर करते हुए रंग गुलाल की होली खेली। इस दौरान महिला विंग जिलाध्यक्ष आरती सूर्यकांत यादव, सीमा यादव, गीता यादव, कंचन यादव, कुसुम यादव, शांति यादव, लक्ष्मी यादव, पुश्पा यादव, उर्मिला यादव, गौरी यादव, मेहतरिन यादव, कांता यादव, मोनिका यादव, गीता यादव, जमुना यादव सहित बडी संख्या मे महिला पुरूष व युवाओ सहित बच्चे मौजूद थे।

#### घर जाकर किया सम्मान

लाला जगदलपुरी सम्मान से सम्मानित प्रदेश के प्रतिष्ठित कवि व साहित्यकार डा. जीवन यदुराही के स्वास्थ्य को देखते हुए महिलाओं ने उनके घर जाकर सम्मान किया और कहा कि डॉ यादव समाज के शिरोमणि स्वरूप है। सभी ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की और ससम्मान शाल श्रीफल व प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया।

# समिति ने किया महिलाओं का सम्मान

- महिलाएं परिवार का स्तंभ होती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सुजाता महिला बौद्ध समिति ने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला सशक्तिकरण संघ की प्रदेश अध्यक्ष पदमा मेश्राम थी। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव नलिनी मेश्राम ने की। विशिष्ट अतिथि राधिका जंघेल, पुष्पा साखरे, प्रभा चनद्रिकापुरे, किरण मेश्राम, चन्दना भावे थी। सुजाता महिला बौद्ध समिति की अध्यक्ष सविता मेश्राम एवं अन्य ने सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात नलिनी मेश्राम ने बच्चों की शिक्षा और संस्कार पर अधिक ध्यान देने कहा। महिला सशक्तिकरण संघ की प्रदेश अध्यक्ष पदमा मेश्राम ने कहा कि महिलाएं बहुत ही धैर्यवान होती है। एक महिला शिक्षित होती है तो वह मायका और ससुराल को शिक्षित करती है। वह परिवार का स्तंभ होती है। अंत में सुजाता महिला बौद्ध समिति ने अतिथियों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुजाता मेश्राम, अनुपमा लांडगे, प्रीति मेश्राम, अरुणा गजभिए, प्रियंका कुंभलवार, सारिका अम्बादे, लक्ष्मी बोरकर, पूजा मेश्राम, नीना कोटांगले, चंदन भावे, पायल बंसोड़, पुष्पा, आशुमाला मेश्राम, वंदना कुंभलवार सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।




### बंसल ने की एनसीडी कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल ने स्वास्थ्य कार्यकताओं एवं स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की बैठक लेकर एनसीडी कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत 22 कोलोकेटेड संस्था में एनसीडी कार्यक्रम के तहत बीपी, शुगर एवं कैंसर स्क्रीनिंग की शत-प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर भी शत-प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी कोलोकेटड संस्थाओं को आशातीत उपलब्धि नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिदिन रिर्पोट की मॉनिटरिंग नोडल अधिकारी एनसीडी द्वारा किया जाएगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, नोडल अधिकारी (एनसीडी) डॉ. अशोक कुमार बसोड़, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी आदि उपस्थित थे।

# बाजार में पहुंचे मटके, बढ़ने लगी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी के शुरूआती दिनों से ही मिट्टी के घड़ों की खरीदारी शुरू हो गई है। बढ़ती गर्मी के साथ ही लोग मटका लेने बाजार पहुंच रहे हैं। शहर के जयस्तंभ रोड पर मिट्टी के बर्तनों की दुकान पर मटकों का भंडारण नजर आ रहा है।

इस वर्ष ग्राहकों को आकर्षित करने मटकों में कुछ सजावटें भी देखी जा रही है। वहीं प्राकृतिक रूप से ठंडा होने वाले मिट्टी के घड़ों के अलावा अब मिट्टी की बोतलें भी बाजार पहुंच रही है। इस बोतल में ढक्कन भी लगाया गया है। जिससे इसे आसानी से लोग अपने सफर में साथ ले जा सकते हैं।

## महिला एवं बाल विकास विभाग के बजट पर चर्चा में विधायक ने उठाया प्रश्न

# विधायक ने ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने गुरूवार को विधानसभा में महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित प्रावधानों पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण व वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेवाओं के विस्तार और पोषण कार्यक्रमों को मजबूत करने की बात कही जिससे क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ सके। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र व प्रदेश से जुड़े प्रमुख विषयों को सदन के समक्ष रखा। उन्होंने ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु स्वीकृत कार्यो और ग्राम पंचायतों के डिजिटलीकरण व कम्प्यूटर विहीन ग्राम पंचायतों के विषय में प्रश्न किया। ग्रामीण क्षेत्रों में जनता की सुविधा हेतु ऑनलाइन दस्तावेजों की प्राप्ति में ग्रामवासियों को हो रही असुविधा के लिए उन्होंने प्रमुखता से प्रश्न रखा साथ ही उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए पंचायतों द्वारा स्वीकृत एवं लंबित कार्यो का विषय भी उठाया। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं एवं पंजीकृत बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार के विषय को भी प्रमुखता से रखा और प्रदेश व जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विषय में भी प्रश्न किया। भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि कबीरधाम जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में ग्राम पंचायतों के माध्यम से कितने विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं? स्वीकृत कार्यो पर अब तक कितनी राशि व्यय की जा चुकी है? इनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कितने प्रगतिरत हैं? क्या उक्त स्वीकृत कार्यो की गुणवत्ता की नियमित निगरानी हेतु कोई विशेष तंत्र स्थापित किया गया है? जिसके लिखित उत्तर में गृह मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 15वें वित्त एवं मूलभूत योजनाओं के अंतर्गत कुल 6,254 कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिसके लिए 67 करोड़ 80 लाख 91 हजार रुपए स्वीकृत की गई और कुल 35 करोड़ 49 लाख 93 हजार रु व्यय किए गए हैं। इनमें से 3,573 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 1,373 कार्य प्रगतिरत हैं एवं 1237 कार्य अप्रारम्भ हैं। 2024-25 एवं 2025-26 में कबीरधाम जिलें में ग्राम पंचायत के माध्यम से स्वीकृत कार्यो की गुणवत्ता की निगरानी उप अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के द्वारा की जाती है। उन्होंने ग्राम पंचायतों में क्रय किए गए कम्प्यूटर के विषय में प्रश्न किया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत संचालन के प्रयोजनार्थ ग्राम पंचायतों हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 की अवधि में कुल कितने कम्प्यूटर क्रय किए गए हैं तथा उक्त क्रय पर कुल कितनी राशि व्यय की गई है? जिसके लिखित उत्तर में मंत्री ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत संचालन के प्रयोजनार्थ ग्राम पंचायतों हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 की अवधि में राज्य स्तर से निरंक, जिला-जनपद पंचायत स्तर से निरंक तथा पंचायत स्तर से कुल 07 कम्प्यूटर क्रय किए गए हैं। इनमें से जनपद पंचायत पंडरिया में 3, कवर्धा में 2 तथा सहसपुर लोहरा में 2 कम्प्यूटर कुल लागत 4 लाख 61 हजार 490 रुपए में क्रय किया गया है।

### मनरेगा योजना अंतर्गत मजदूरों के लंबित भुगतान के विषय में प्रश्न किया



भावना बोहरा ने जी-राम-जी (पूर्व में मनरेगा) योजना अंतर्गत मजदूरों के लंबित भुगतान के विषय में प्रश्न किया कि राज्य में जी-राम-जी योजना के तहत पिछले 06 महीनों में कितने मजदूरों का भुगतान 15 दिन की वैधानिक सीमा से बाहर हुआ है? विगत 03 वर्षों में कितने फर्जी जॉब कार्ड पकड़े गए? जिसके लिखित उत्तर में गृह मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा भारत के राजपत्र दिनांक 21 दिसम्बर 25 में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 का प्रकाशन किया गया है। इसे छत्तीसगढ़ राज्य में लागू करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत एक ही श्रमिक विभिन्न दिवसों में कार्य करता है, जिसमें से कुछ कार्यों का भुगतान हो जाता है तथा कुछ कार्यों का भुगतान लंबित रहता है, जिससे लंबित मजदूरी भुगतान वाले श्रमिकों की संख्या एवं औसत देरी बताया जाना संभव नहीं है। 22 दिसम्बर, 2025 से 12 जनवरी, 2026 तक आंशिक तथा 13 जनवरी, 2026 के बाद से पूर्ण मजदूरी भुगतान लंबित है। इस प्रकार 27 फरवरी 2026 की स्थिति में कुल 225.09 लाख मानवदिवस का राशि रूपए 53143.71 लाख का मजदूरी भुगतान राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण लंबित है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत विगत 03 वर्षों में फर्जी-डुप्लीकेट जॉब कार्ड पकड़े जाने की जानकारी निरंक है। भावना बोहरा ने स्वास्थ्य सेवाओं के सन्दर्भ में पूछा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम -एबीएचआईएम) योजना के तहत राज्य के जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसीएस) में क्रिटिकल केयर यूनिट की स्थापना की अद्यतन स्थिति क्या है? राज्य के आदिवासी बाहुल्य जिलों में कुपोषण और सिकल सेल एनीमिया के प्रबंधन के लिए संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्रों (एनआरसी) में बिस्तरों की संख्या और डॉक्टरों की उपलब्धता का ब्यौरा क्या है? क्या यह सही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की कमी की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? जिसके लिखित उत्तर में लोक स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के 17 जिलों में क्रिटिकल केयर यूनिट फिनिशिंग स्तर पर है, कुछ जगह स्लैब लेवल कार्य, कुछ जगह पुनः निविदा आमंत्रण, प्लिंथ लेवल कार्य प्रगतिरत है और कबीरधाम जिला अंतर्गत कवर्धा जिला अस्पताल में प्लिंथ लेवल कार्य प्रगतिरत है। राज्य के आदिवासी बाहुल्य जिलों में कुपोषण के प्रबंधन के लिए 10 विस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल में सुविधा उपलब्ध है। कबीरधाम जिला में कवर्धा विधानसभा अंतर्गत जिला चिकित्सालय कबीरधाम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा व बोड़ला, एवं पंडरिया विधानसभा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में 10 बिस्तर की सुविधा उपलब्ध है एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्रों के लिए संस्था में कार्यरत 1 चिकित्सा अधिकारी को नामित किया जाता है एवं आवश्यकतानुसार अन्य चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा भी बच्चों की जांच एवं उपचार किया जाता है।

## कलेक्टर ने किया थानखम्हरिया क्षेत्र का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्हरिया

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई का थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र में रूटींग दौरा हुआ जिसमें वे तहसील कार्यालय व अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया तथा बैठक व्यवस्था से लेकर साफ सफाई व पेयजल जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने लोक सेवा केन्द्र के भूईयां कार्यक्रम का भी जायजा लिया जहां किसानों को मिलने वाली आनलाईन सुविधा का अवलोकल किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पिंकी मनहर तथा तहसीलदार सरिता मढरिया भी उपस्थित रही। जिला कलेक्टर के दौरा की जानकारी होने के बाद भी नगर में यातायात व्यवस्था बदहाल रही है उन्हे दो से तीन स्थानों पर ट्राफीक जॉम का सामना करना पड़ा। उच्चस्थ अधिकारीयो के दौरा कार्यक्रम मे भी यातायात बदहाल हो सकता है तब आमजन को ट्राफिक जॉम से कितनी असुविधा होती होगी अंदाजा लगाया जा सकता है। आज कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के दौथा से प्रशासनिक कसावट कितनी आती है। यह तो समय के गर्भ में है, परंतु राजस्व मामले की सुनवाई में लेट लतीफी, तहसील क्षेत्र में शासकीय भूमि में अतिक्रमण, अवैध उत्खनन जैसे मामलों में कार्रवाई कितनी होगी यह भी संशय है।

■ लोक सेवा केंद्र के भूईयां कार्यक्रम का किया अवलोकन

कलेक्टर दौरे को लेकर राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय है। उनका किसी राजनीतिक लोगों से मेल मुलाक़ात नहीं होना तथा नगर की समस्याओं के लेकर जनप्रतिनिधियों से चर्चा तक नहीं करने को लेकर विपक्ष दल कांग्रेस ने चुटकी ली है। पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार के पास कोई जन कल्याणकारी योजनाएं नहीं है जो जनता को बताया जा सके प्रदेश सरकार से सर्व वर्ग परेशान है।



## बढ़ती महंगाई में गरीब हितग्राहियों को पीएम आवास बनाना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

प्रदेश भर में बढ़ती महंगाई की मार सभी वर्गो को उठानी पड़ रही है। वहीं शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास बनाना बढ़ती महंगाई में निर्माण कार्य कराना ग्रामीण गरीब हितग्राहियों का पसीना निकल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आज की दौर में बढ़ती महंगाई को देखते हुए पीएम आवास योजना की निर्माण कार्य की सहायता राशि को बढ़ाए जाने की मांग की गई ताकि प्रधानमंत्री आवास के तहत एक अच्छा घर बनाया जा सके, बढ़ती महंगाई के कारण 1 लाख 40 हजार में घर बनाना इतना आसान नहीं है। प्रशासन द्वारा दी जारी रही सहायता में बढ़कर कम से कम 2 लाख किया जाए, ताकि ग्रामीण गरीब हितग्राहियों को पीएम आवास निर्माण कार्य में आसानी हो सके। ग्रामीण हितग्राहियों ने बताया कि आज के दौर में 14 हजार रूपए ट्रैक्टर-ट्रॉली ईट, 5 हजार रूपए गिट्टी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, 5 हजार रूपए ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत व 300 रुपए में सीमेंट तथा 5500 रूपए में एक क्विंटल छड़ होने से गरीब हितग्राहियों की पसीना छुट रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब हितग्राहियों को पहली किस्त 40 हजार रूपए, द्वितीय किस्त 60 हजार रूपए व तृतीय किस्त 20 हजार तथा 16 हजार रूपए मनरेगा के तहत बैंक खाता में मजदूर के नाम दिया जाता है। जिस पर ग्रामीण हितग्राहियों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा आज की बढ़ती महंगाई को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य की सहायता राशि को बढ़ाया जाए ताकि आवास निर्माण कार्य आसानी से कराया जा सके।

## होली किंगडम स्कूल में भव्य महिला दिवस समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होली किंगडम इंग्लिश हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कवर्धा में महिलाओं के सम्मान और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में यह कार्यक्रम बड़े उत्साह, उल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया।

इस विशेष अवसर पर नृत्य, फैशन-शो, श्रृंगार प्रतियोगिता सहित कई आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाओं, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के संचालक पास्टर जोश थॉमस के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं तथा समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस कार्यक्रम में रूपा डेविड धुनष सिंग रायपुरिया, आकाश चंद्रवंशी, रतन सिंह, साहिल खान, छत्रपाल साहू एवं सभी शिक्षको का इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। महिलाओं के लिए कई तरह के अलग-अलग खेल का आयोजन किया गया, जिसमें म्यूजिकल चेयर में प्रथम रीना जैन, द्वितीय चुन्नी सिंह एवं तृतीय पूर्णिमा मिश्रा, इसी प्रकार डांस प्रतियोगिता में प्रथम चुन्नी सिंह, द्वितीय किरण बैस एवं तृतीय मनीष नेता और आराधना तिवारी साथ ही फैशन-शो में प्रथम सोनम बंजारे, द्वितीय आरती सिन्हा व तृतीय सबा बक्सवी रही। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण का संदेश देते हैं। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और समानता को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस प्रकार महिला दिवस का यह समारोह अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## जंगलपुर स्कूल के कक्षा 8वीं के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंगलपुर में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, कविता, नृत्य और खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, उमाशंकर सिंह राजपूत, शिक्षाविद परमानंद सिंह राजपूत, मनी सिंह राजपूत, विद्यालय की प्रभारी प्रधानपाठिका सुनीता देवी राजपूत, शिक्षक अयोध्या सिंह राजपूत, संकुल समन्वयक चुरामन प्रसाद वर्मा, प्राथमिक शाला जंगलपुर के प्रधान पाठक परमेश्वर सिंह राजपूत, सहायक शिक्षक गुरुवेश कुमार कुर्रे सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। विद्यार्थियों ने गीत, कविता और नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर प्रधानपाठिका एवं अतिथियों ने कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जीवन में मेहनत, अनुशासन और लगन से ही सफलता प्राप्त होती है। शिक्षक अयोध्या सिंह राजपूत ने बच्चों के लिए प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विदाई समारोह के दौरान कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने भी विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई तथा सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित एफडीपी (फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम) के द्वितीय दिवस का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता डॉ केएस परिहार, शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय, सहसपुर लोहारा रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में समाज में व्याप्त जेंडर भेदभाव से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पहले समाज में महिलाओं और पुरुषों के बीच कई प्रकार अंतर किया जाता था तथा वर्तमान समय में उसमें किस प्रकार परिवर्तन आया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस विषय में छत्तीसगढ़ राज्य अन्य राज्यों की अपेक्षा अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**राजनांदगांव।** गंज चौक स्थित बालाजी हनुमान मंदिर में मौसमी शर्मा व उनके महिला मंडल द्वारा विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह के सफल ऑपरेशन के पश्चात उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुंदरकांड व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश वर्मा पिता/पति रामरतन वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम कुरलू तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कुरलू में दिनांक 08/08/2016 को आवेदक के पिता/पति/माता/ पत्नी/ पुत्र/ पुत्री चतुर बाई वर्मा की जन्म/ मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष/दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 25/03/2026 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

दिनांक 11/03/2026
स्थान- देवकर

मुहर
तहसीलदार
देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

## भाजपा के प्रखर वक्ता जसविंदर बग्गा बने प्रदेश प्रवक्ता, संगठन ने दी बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भाजपा की प्रदेश मीडिया टीम में जिले को अहम प्रतिनिधित्व मिला है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से घोषित नई मीडिया टीम में जिले के प्रखर वक्ता जसविंदर बग्गा को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को संगठन में जिले की बढ़ती सक्रियता और प्रभाव का संकेत माना जा रहा है। भाजपा संगठन ने प्रदेश स्तर पर मीडिया प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश सह संयोजक, प्रदेश प्रवक्ता और मीडिया पैनलिस्ट की नई सूची जारी की है। इसी सूची में कबीरधाम के सक्रिय भाजपा नेता जसविंदर बग्गा को यह जिम्मेदारी दी गई है। लंबे समय से संगठन और मीडिया मंचों पर पार्टी का पक्ष मजबूती से रखने वाले बग्गा को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिलने से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। जिस पर जसविंदर बग्गा की नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल और दुर्गेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी तथा परेटन वर्मा सहित जिले के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। नेताओं ने कहा कि यह नियुक्ति कबीरधाम जिले के लिए गर्व की बात है और इससे संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलेगी। प्रदेश प्रवक्ता के रूप में जसविंदर बग्गा की भूमिका पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और सरकार की योजनाओं को मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने की होगी। साथ ही राजनीतिक मुद्दों पर पार्टी का आधिकारिक पक्ष भी वे प्रदेश स्तर पर प्रस्तुत करेंगें।

## बैगा आदिवासी पहुंचे राजधानी समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पण्डरिया ब्लॉक के पहाड़ी क्षेत्र के रहवासी ग्राम सारपानी, छिंदीडीह, देवानपटपर, नांगाडबरा, भेड़ा गढ़ आदि गांव के समस्त समस्या को लेकर पहुंचे महानदी भवन नया रायपुर इस दौरान आदिवासी समता मंच के अध्यक्ष श्रीमती इन्दू नेताम, राजेश रंजन द्वारा प्रमुख सचिव से गांव के महिला एवं पुरुष लोगों को भेंट-मुलाकात कराने में मदद किए। जिस पर कोदुराम ने कहा कि हम सभी लोग पीढ़ी दर पीढ़ी से काबिज पर हमें वन अधिकार पत्र नहीं मिला है। इसी के बारे में अवगत कराया गया, धनिया बाई ने बताया कि जंगल पहाड़ी क्षेत्रों में पानी कि समस्या बहुत ज्यादा है और खासकर छिंदीडीह के मोहल्ला, टीकरापारा में हैण्डपंप का आभाव है, साथ ही बरसो से नाला-झिरिया का पानी पीने मजबूर है। वहीं वनांचल वासियों ने बिजली, सड़क, खेत-समतलीकरण, अन्य समस्याओं को लेकर आवेदन दिया गया। इस दौरान फुलबाई, कलीबाई, श्यामाबाई, घिनवा, खेदुराम, बिरसुराम और आदिवासी समता मंच के कार्यकर्ता सहेत्तर सिंह धुर्वे, हेमंत गाढेवाल सहित क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### सीएम ने किया बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का शुभारंभ

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशवासियों को आर्थिक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एक जनहितैषी निर्णय लिया गया है। इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मेडिकल कॉलेज रायपुर के ऑडिटोरियम में किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव एवं पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर के मार्गदर्शन में तैयार बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 मुख्य रूप से निम्नदाब घरेलू, बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे) और कृषि श्रेणी के उन अशासकीय उपभोक्ताओं के लिए है, जो लंबे समय से बकाया राशि के कारण आर्थिक दबाव झेल रहे हैं।

### पेज 9 का शेष

#### जिले में होटल व ...

सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में न करें और नियमानुसार केवल व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का ही उपयोग करें। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिले में इस प्रकार की जांच आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर रोक लगाई जा सके और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

#### एक्सपायरी खाद्य ...

युवा कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि यह मुद्दा सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य से जुड़ा है। यदि प्रशासन ने इस पर शीघ्र कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की, तो जिले में बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी के साथ मुख्य रूप से विवेक ठाकुर, शुभम गंधर्व, अतुल साहू, दीपक दिनकर, ऋत्विक तिवारी, राजू साहू, प्रिंस डेहरे, राहुल जोशी, गौरव छाबड़ा, आशीष तिवारी, मोनल सिंह, रासबिहारी कुर्रे, देवेंद्र सिंह, ओम साहू, शुभम सोनी, चंद्रप्रकाश तिवारी, देवेन्द्र साहू, सूरज कोसले व बड़ी संख्या में जिला युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### उल्लास से मनाया महिला दिवस

**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के एचआरडीपी कार्यक्रम अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने ग्राम पंचायत शिवपुरी में महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम में एसआरएलएम के बीपीएम, सीआरपी, पीआरपी, सरपंच, समूह की महिलाएं शामिल हुई। इस अवसर पर महिलाओं को आत्मनिर्भरता, आजीविका संवर्धन तथा समूह गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में भैया सिंह झरे, नंदलाल साहू, सोमनाथ चावले आदि शामिल हुए।

### जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह 15 को

**छुईखदान।** दुबेलिया तेली साहू समाज द्वारा जिला स्तरीय भक्ति माता कर्मा जयंती कार्यक्रम, शोभायात्रा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 15 मार्च को मंगल भवन टिकरीपारा में किया गया है। समाज के सहसचिव सीआर साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक जनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने गांव-गांव में बैठक आयोजित कर प्रचार किया जा रहा है। कार्यक्रम भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ प्रारंभ होगा। तत्पश्चात शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड, बाजार लाइन ,जैन मोहल्ला होते हुए वापस मंगल भवन टिकरीपारा पहुंचेगी। यहां समाज के पदाधिकारी भक्त माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे। आयोजकों ने छुईखदान, खैरागढ़, गंडई, धमधा सहित अन्य ब्लाको के समाजिक पदाधिकारियों एवं स्वजातियों ने शामिल होने की अपील की है। समापन खिचड़ी महाप्रसादी वितरण के साथ होगा।

### सीईओ ने किया आवास एवं गौधाम का निरीक्षण



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में गुरूवार को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल प्रधानमंत्री आवास निर्माण एवं संचालित गौधाम गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत प्रगतिरत आवास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने गांव में संचालित गौधाम गौशाला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौधाम में पशुओं के रख-रखाव, चारा-पानी की व्यवस्था तथा साफ-सफाई का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को गौधाम के सुचारू संचालन तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए।

### कांग्रेस का प्रदर्शन बेअसर रहा

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के विभागीय कार्यों में गड़बड़ी, टेंडर प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा को लेकर कांग्रेस ने दिसंबर में घंटो प्रदर्शन किया था। आंदोलन के दौरान अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच और कार्रवाई का आश्वसन दिया था किन्तु अब तक न जांच हुई और न किसी पर कार्रवाई हो सकी है। कांग्रेस के प्रदर्शन से भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने दूरी बना लिया था तो पालिका अधिकारी व कर्मचारियों ने गेट पर ताला लगा कर अपने आप को बंद कर लिया था। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से कार्यालय को छावनी बना दिया था। मौके पर पहुंचे आईएएस अधिकारी एम भार्गव ने कांग्रेस के आवेदन को लेने के बाद बंद कमरे सीएमओ को बुला कर जांच कर कार्रवाई करने कहा था जिसके बाद कांग्रेस का धरना खत्म हुआ। अब पूरा मामला ठँडे बस्ते में चला गया है।

विरोध : सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# प्रदेश सरकार पर नशे के कारोबार को संरक्षण देने का आरोप, कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा कथित रूप से अफीम की खेती किए जाने के मामले को लेकर कांग्रेस ने प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नशे के कारोबार को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

■ कांग्रेस नेताओं ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले के ग्राम समोदा में लगभग 10 एकड़ भूमि पर कथित रूप से अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में एक भाजपा नेता की गिरफ्तारी होने के बाद प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरते हुए पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया है। जिला मुख्यालय में आयोजित घेराव कार्यक्रम के तहत दोपहर करीब 1 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता शहर स्थित राजीव भवन में एकत्रित हुए। यहां से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय पहुंचे और घेराव कर विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है और भाजपा सरकार इस पर प्रभावी नियंत्रण करने में असफल रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के संरक्षण में नशे का अवैध कारोबार बढ़ रहा है, जिससे प्रदेश के युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अफीम की अवैध खेती जैसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी और निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी युवाओं के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी।

#### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रणीश चौबे, महामंत्री सुमन गोस्वामी, युवा कांग्रेस बेमेतरा के अध्यक्ष प्रांजल तिवारी, महामंत्री रूबी सलूजा, लुकेश वर्मा, बहल वर्मा, ललित विश्वकर्मा, पार्षद राजू साहू, ऋषि वर्मा, मोटू तिवारी, शिव वर्मा, दीपक दिनकर, शुभम गंधर्व, मनोज शर्मा, जोगेन्द्र छाबड़ा, रवि रजक, शहर अध्यक्ष रश्मि मिश्रा, शहर महिला अध्यक्ष रीता पांडेय, योगिता साहू, ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर वर्मा (साजा), सुमित राजपूत (बेरला), मिथलेश वर्मा (बेमेतरा), देवेन्द्र साहू (नांदघाट), अश्वनी अंत (नवागढ़), गणेश राजपूत (सम्बलपुर) सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हनुमान जी के स्मरण से दूर होते हैं संकट : अतुलेशानंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



निकटवर्ती ग्राम करवा कापा में आयोजित श्रीरामचरितमानस नवान्ह पारायण महायज्ञ में कन्नौज पीठाधीश्वर अतुलेशानंद महाराज के प्रेरक कथा प्रवचन से श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। कथा के दूसरे दिन अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान का प्रताप चारों युगों में बना रहेगा। उनका तेज और पराक्रम इतना प्रभावशाली है कि शनिदेव भी उनसे भयभीत रहते हैं।

उन्होंने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से हनुमान जी का स्मरण करता है, उसके जीवन के संकट और बाधाएं दूर हो जाती हैं। कथा के दौरान महाराज ने नर्मदा मैया के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि नर्मदा का स्नान और दर्शन अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। उन्होंने बताया कि रामेश्वरम में प्रभु श्रीराम द्वारा स्थापित शिवलिंग में नर्मदा मैया का कण भी समाहित है, जिससे उसका धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है। महाराज ने बताया कि शुक्रवार को कथा के दौरान प्रभु श्रीराम के लंका प्रवेश प्रसंग पर विशेष धर्मोपदेश दिया जाएगा। यज्ञ स्थल पर ख्यातिनाम रामायणी मानस पंकज का प्रवचन भी जारी है, जिसे सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

#### 14 को यज्ञ की पूर्णाहुति

आयोजन समिति के अनुसार 14 मार्च शनिवार को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य नारायण प्रसाद तिवारी, सुरेश शास्त्री, अशोक शर्मा, प्रकाश नारायण शर्मा, टिकमाचार्य तथा मानस पंकज जैसे विद्वानों के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। आयोजन में अध्यक्ष संतोष राजपूत, उपाध्यक्ष डॉ. सुभाष वर्मा, डॉ. मोहन सिंह वर्मा, शिवनंदन सिंह राजपूत, क्रांति राजपूत, यशवंत कुमार, जग कुमार, लच्छराम, भूपेश वर्मा, ओमप्रकाश राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सक्रिय रूप से शामिल हैं।

# ग्राम तिलई में होली मिलन समारोह भाजपा किसान नेता योगेश हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तिलई में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने ग्रामवासियों के साथ रंगों के पावन पर्व होली की शुभकामनाएं साझा करते हुए सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग उपस्थित रहे। पूरे गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी तथा आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। पारंपरिक गीत-संगीत और हंसी-खुशी के बीच होली का उत्सव पूरे उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में योगेश तिवारी ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है, जो समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव को मजबूत करने का संदेश देता है। यह त्योहार हमें आपसी मतभेदों और कटुता को भूलकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने की प्रेरणा देता है।

■ गुलाल लगाकर दिया प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश

उन्होंने कहा कि गांवों में आयोजित ऐसे होली मिलन समारोह सामाजिक एकता और सामूहिक सौहार्द को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। योगेश तिवारी ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि हमारे त्योहार और परंपराएं भारतीय संस्कृति की पहचान हैं, जिन्हें हमें पूरे उत्साह और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति प्रीतम चंदेल, सरपंच हरिश्चंद्र देवांगन, उपसरपंच कृति साहू, पितांबर साहू, सीताराम बारले, नागेश्वर देवांगन, समारू राम देवांगन, लीलाराम साहू, द्रोपती यादव, संतोषी साहू, भगाराम यादव, सीताराम ठाकुर, जगतराम साहू, धनु राम वर्मा, मायाराम देवांगन, नोहर सिंह देवांगन, तेजराम देवांगन, पूर्व जनपद सदस्य जितेंद्र साहू बिरोदा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक बने संजीव तिवारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सहकारिता प्रकोष्ठ में संजीव तिवारी को प्रदेश सहसंयोजक नियुक्त किए जाने पर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है।



नियुक्ति की जानकारी मिलते ही कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दीं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि संजीव तिवारी के नेतृत्व में सहकारिता प्रकोष्ठ को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा सहकारिता के माध्यम से जनहित से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकेगा। गौरतलब है कि संजीव तिवारी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों, अभियानों और जनसंपर्क गतिविधियों में उनकी निरंतर भागीदारी रही है। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और कार्यशैली को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संजीव तिवारी की नियुक्ति पर भाजपा संगठन के कई वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी। शुभकामनाएं देने वालों में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, रायपुर जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, हर्षवर्धन तिवारी, डोमेन राजपूत, सुशील पुरी गोस्वामी, सेवा साहू, अशोकपुरी गोस्वामी, नीरज राजपूत, मूलचंद शर्मा, अजय अग्रवाल, कोमल देवांगन, संतोष देवांगन, उत्तर देवांगन, सागर तिवारी, नीलू राजपूत, मोंटी साहू, सोम ठाकुर, दिनेश सोनी, डेरा देवांगन, भागीरथी देवांगन, छोटू साहू, निखिल साहू, नथमल कोठारी, चंद्रशेखर साहू, त्रिलोकी साहू, पप्पू वर्मा, प्रकाश वर्मा, सुंदर यादव, भीषण यादव, रामकुमार यादव, सुनील राजपूत, बिसन साहू, लीलाराम साहू, सोहन साहू, सियाराम सिन्हा, कन्हैया वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

#### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर रहेगा फोकस : संजीव

अपनी नियुक्ति पर संजीव तिवारी ने प्रदेश एवं जिला संगठन के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी दी है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में जनहितकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

# सतनामी समाज ने निकाली सतनाम शोभायात्रा गुरु घासीदास के संदेशों का किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर के वार्ड क्रमांक 1 गुरु घासीदास वार्ड में सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास बाबा के संदेश सत्य, समानता और भाईचारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंदिर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर सतनाम संदेश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में रथ पर गुरु घासीदास बाबा का छायाचित्र स्थापित कर नगर भ्रमण कराया गया। ढोल-नगाड़ों की धुन और पारंपरिक पंथी नृत्य के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के युवक-युवतियां, महिलाएं और बच्चे हजारों की संख्या में शामिल हुए। नगर भ्रमण के पश्चात शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ ढोल-नगाड़ों और पंथी नृत्य के साथ हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंघानिया, किसान युवा मोर्चा के प्रादेशिक सदस्य चंद्रशेखर राजपूत, मंडल महामंत्री आदर्श जोशी एवं पार्षद मनीष रात्रे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश ठाकुर ने जय सतनाम के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के प्रति केवल सतनामी समाज ही नहीं, बल्कि अन्य समाज के लोगों में भी गहरी आस्था है। बाबा द्वारा दिए गए संदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने "मनखे-मनखे एक समान" के संदेश को अपनाते हुए समाज में एकजुटता बनाए रखने की बात कही।

वहीं ओमप्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को आपसी भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना को भूलकर एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सत्य के मार्ग पर चलता है और दूसरों को सही रास्ता दिखाता है, वही सच्चे अर्थों में सतनामी कहलाता है।

इस अवसर पर अतिथियों ने गुरु घासीदास बाबा के रथ पर श्रीफल और पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। अतिथियों ने समाज के लोगों के साथ बैठकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद लिया।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में किशोर नारंग, नागेश्वर लहरे, चौहान नारंग, पंचू नारंग, गीता नारंग, मुकेश नारंग, गोपाल मंडले, बावला दिवाकर, अजय मारकंडे, केशव सतनामी, राजीव दिवाकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। यह आयोजन तीन दिनों तक चलता है, जिसमें पंथी नृत्य, रैली, भंडारा और गुरु मेला जैसे विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस पर्व को समाज के लोग बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाते हैं, जिसमें आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हाई स्कूल नरी में तंबाकू नियंत्रण पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय हाई स्कूल नरी में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन खंडसरा की टीम उपस्थित रही।

टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ. ऋषभ शर्मा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तंबाकू उत्पादों से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए तंबाकू उपयोग से जुड़े कारणों, धूम्रपान के विभिन्न प्रकारों, तंबाकू के व्यक्तिगत और सामाजिक प्रभावों, धूम्रपान छोड़ने के उपायों तथा तंबाकू छोड़ने के लाभों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कोटपा अधिनियम की विभिन्न धाराओं एवं तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से भी अवगत कराया। संस्था के प्राचार्य सुनील कुमार झा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को दी गई यह जानकारी न केवल उनके लिए बल्कि उनके परिवार के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम तंबाकू नियंत्रण और नशा उन्मूलन की दिशा में एक सकारात्मक पहल हैं। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों के लिए "तंबाकू दुष्प्रभाव एवं नियंत्रण" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में कु. डिम्पल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुमन और पिया क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं।

विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता श्रद्धा तिवारी, उर्वशी साहू, चौवन सिंह साहू एवं दुर्गा प्रसाद सोनी सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मां परमेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम

# देवांगन समाज के होली मिलन समारोह में मातृशक्ति सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



देवांगन समाज बेमेतरा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा प्रदेश बुनकर प्रकोष्ठ के सहसंयोजक राजू देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें समाज के पदाधिकारी, मातृशक्ति, वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए।

■ मातृशक्ति के योगदान को किया गया नमन

कार्यक्रम की शुरुआत जिला चिकित्सालय के सामने सिघौरी स्थित मां परमेश्वरी मंदिर में देवांगन समाज की आदिशक्ति कुलदेवी मां परमेश्वरी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों और उपस्थित जनों ने मां परमेश्वरी के चरणों में समाज की उन्नति, समृद्धि और सामाजिक एकता के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात समाज के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें होली मिलन समारोह स्थल तक ससम्मान लाया गया। देवांगन समाज की परंपरा के अनुसार अतिथियों का स्वागत पारंपरिक देवांगन (कोष्टा) गमछा, पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ और गुलाल लगाकर किया गया, जो समाज की संस्कृति और सम्मान की परंपरा को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों और सामाजिकजनों ने एक-दूसरे को पुष्प और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर देवांगन समाज की मातृशक्तियों का विशेष सम्मान भी किया गया। महिला देवांगन समाज की जिलाध्यक्ष भोजेश्वरी देवांगन, जिला उपाध्यक्ष अंजूबाला देवांगन सहित बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं का सम्मान बेमेतरा विधायक दीपेश साहू तथा भाजपा प्रदेश बुनकर प्रकोष्ठ सहसंयोजक राजू देवांगन के करकमलों से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजू देवांगन ने कहा कि देवांगन समाज हमेशा से सामाजिक एकता, सेवा और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व समाज को एक सूत्र में जोड़ने और आपसी प्रेम व भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है। साथ ही उन्होंने मातृशक्ति के योगदान को नमन करते हुए युवाओं से सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर देवांगन समाज के अनेक पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411